तेरी कृपा का है ये असर सांवरे

तेरी कृपा का है ये असर सांवरे
मेरी पहचान है अब तेरे नाम से
तेरी कृपा का है ....
लोग कुछ भी कहें मुझको परवाह नहीं
जीवन जीते हैं हम तो बड़े शान से
तेरी कृपा का है ....

ऐसे मुश्किल भरे मेरे हालात थे
दिल के दरवाज़ों में बंद जज़्बात थे
कोई साथी ना था कोई संगी ना था
शक्ति मिलती थी मुझको तेरे नाम से
तेरी कृपा का है ....

जो उठाते थे मुझ पे ऊँगली कभी
आज चलते हैं नज़रें झुका के सभी
मैं भी हैरान था थोड़ा परेशां था
अब तो सम्मान मिलता तेरे नाम से
तेरी कृपा का है ....

तेरी कृपा रहे जब तक ज़िन्दगी
यूँ ही चाहे मोहित बस तेरी बंदगी
लैब ये खामोश हैं आँखें रोने लगी
इतने एहसान है मुझपे घनश्याम के
तेरी कृपा का है ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18501/title/teri-kirpa-ka-hai-ye-asar-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |